INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

Class: VII-2nd Lang.	Department: Hindi	Date – 04/12/22
Lesson 11- "चिड़िया की बच्ची"	Topic-Q/Bank with Grammar	**Pl File in portfolio…**

अति लघु प्रश्न

प्रश्न-1 माधवदास शाम ढलने के बाद बाहर कहाँ बैठता था?

उत्तर- माधवदास शाम ढलने के बाद कोठी के बाहर चबूतरे पर तख्त डलवाकर बैठता था|

प्रश्न-2 माधवदास कब प्रकृति की छटा निहारने के लिए बैठते थे?

उत्तर- माधवदास शाम को प्रकृति की छटा निहारने के लिए बैठते थे।

प्रश्न-3 माधवदास के बगीचे में चिड़िया कहाँ आ कर बैठती है?

उत्तर- माधवदास के बगीचे में चिड़िया गुलाब की डाली पर आकर बैठती है।

प्रश्न-4 चिड़िया माधवदास के बगीचे में क्यों आई थी?

उत्तर- चिड़िया माधवदास के बगीचे में कुछ देर आराम करने आई थी।

प्रश्न-5 चिड़िया को पकड़ने की कोशिश कौन कर रहा था?

उत्तर- चिड़िया को पकड़ने की कोशिश माधवदास का नौकर कर रहा था|

प्रश्न-6 माधवदास ने किसका निर्माण करवाया था?

उत्तर- माधवदास ने एक संगमरमर की कोठी और सुहावने बगीचे का निर्माण करवाया।

प्रश्न-7 चिड़िया घर से क्यों उड़ आई थी?

उत्तर- चिड़िया सूरज की धूप खाने, हवा में खेलने और फूलों से बात करने के लिए घर से उड़ आई थी।

प्रश्न-8 चिड़िया की गर्दन कैसी थी?

उत्तर– चिड़िया की गर्दन लाल और गुलाबी थी किनारों पर थोड़ी नीली थी।

प्रश्न-9 किस समय माधवदास अपना सब कुछ भूल गया?

उत्तर- चिड़िया का इस डाल से उस डाल पर थिरकना देखकर माधवदास अपना सब कुछ भूल गया था।

प्रश्न-10 माधवदास चिड़िया को देखकर क्यों प्रसन्न था?

उत्तर- चिड़िया बहुत सुंदर थी। उसकी प्यारी-प्यारी आवाज़ सुनकर और उसका थिरकना देखकर माधवदास प्रसन्न था।

लघु प्रश्न

प्रश्न-1 माधवदास ने चिड़िया को अपने पास रखने के लिए क्या-क्या किया?

उत्तर- माधवदास ने चिड़िया को अपने पास रखने के लिए चिड़िया के सामने अपनी धन-दौलत का उल्लेख किया, उसकी प्रशंसा की, उसका महत्व बताया और उसे कई प्रलोभन दिए।

प्रश्न-2 माँ के पास पहुँच कर चिड़िया की क्या हालत हुई?

उत्तर- माँ के पास पहुँच कर चिड़िया माँ की गोद में गिरकर रोने लगी। वह काँपती हुई माँ की छाती से चिपक गई| थोड़ी देर बाद वह आँखें बंद करके अपनी माँ से चिपककर सो गई |

दीर्घ प्रश्न

प्रश्न-1 माधवदास ने चिड़िया को क्या-क्या प्रलोभन दिए?

उत्तर- माधवदास ने चिड़िया को सोने का एक घर बनवाने, सोने की कटोरी में पानी पीने, मालामाल करने और ढेर सारा सोना देने का प्रलोभन दिया। उसने चिड़िया से यह भी कहा कि बगीचे के फूल उसके लिए खिला करेंगे।

प्रश्न-2 किन बातों से ज्ञात होता है कि माधवदास का जीवन संपन्नता से भरा था और किन बातों से ज्ञात होता है कि वह सुखी नहीं था?

उत्तर– माधवदास ने अपने लिए संगमरमर की एक नई कोठी बनवाई थी और उसके सामने बहुत सुहावना बगीचा भी लगवाया था। उसके पास अन्य कई कोठियाँ, बगीचे और दास-दासियाँ थीं। वह चिड़िया से बात करते हुए उसके लिए सोने का घर बनवाने तथा उसे मालामाल कर देने की बात भी कर रहा था| इन बातों से ज्ञात होता है कि माधवदास का जीवन संपन्नता से भरा था।

उनका चिड़िया से कहना की मेरा महल सूना है, वहाँ कोई चहचहाता नहीं है, मेरा दिल वीरान है आदि बातों से पता चलता है कि माधवदास सुखी नहीं था|

व्याकरण भाग-

प्रश्न-**1**. दिए गए उपसर्गों से दो-दो शब्द बनाकर लिखिए |

1. अधि – अधिकार , अधिराज
2. परा – पराजय , पराक्रम
3. प्रति – प्रतिवर्ष , प्रतिदिन
4. अध – अधजला , अधमरा
5. भर - भरपूर , भरसक
6. गैर – गैरकानूनी , गैरसरकारी

प्रश्न-**2**. दिए गए प्रत्ययों से दो-दो शब्द बनाकर लिखिए |

1. पा – मोटापा , बुढ़ापा
2. ता – सफलता , मानवता
3. मान – शक्तिमान , बुद्धिमान
4. हार – होनहार , चित्रहार
5. त्व - ममत्व , देवत्व
6. इया – बढ़िया , छलिया

प्रश्न-3 (वाक्यांश) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए|

1. जो दिखाई नहीं देता हो– अदृश्य
2. गोद लिया हुआ पुत्र– दत्तक
3. जिसको कोई भय न हो- निर्भय
4. जिसका कोई आधार न हो – निराधार
5. जो पूर्वजों से प्राप्त हो – पैतृक
6. जिसमें दया हो- दयालु
7. जिसकी सीमा न हो- असीम
8. जो अपने देश से प्रेम करता हो– देशप्रेमी

प्रश्न 4. नीचे दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर अनुस्वार का प्रयोग करते हुए शब्दों का मानक रूप लिखिए|

अतर, अबर, चद्रमा, सघर्ष, सस्कार, अक, जगली, दगल, पकज, बजारा।

उत्तर: अंतर, अंबर, चंद्रमा, संघर्ष, संस्कार, अंक, जंगली, दंगल, पंकज, बंजारा।

प्रश्न 5. नीचे दिए गए शब्दों में उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग करते हुए शब्दों का मानक रूप लिखिए|

हंसमुख, अंगड़ाई, आंचल, आंवला, आंधी, कांटा, चांदनी, आंसू, ऊंचाई, पहुंचना।

उत्तर: हँसमुख, अँगड़ाई, आँचल, आँवला, आँधी, काँटा, चाँदनी, आँसू, ऊँचाई पहुँचना।

****